कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा–मा / माध्यमिक / शालादर्पण / 60302 / 2018–19 / 185 दिनांकः– 16.10.2020

स्मरण पत्र

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक शिक्षा

विषयः– **शाला दर्पण पोर्टल पर जी.आई.एस. की बकाया सूचना अपडेट करने के संबंध में।**
प्रसंगः– **इस कार्यालय के पत्रांक शिविरा–माध्य / माध्यमिक / विद्यालय / शाला दर्पण / 60303 / वो. –3 / 2020–21 / 33 दिनांक 23.01.2020**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगानुसार लेख हैं कि शाला दर्पण पोर्टल पर समस्त राजकीय विद्यालयों के लिए विभिन्न मॉड्यूल्स में फिडिंग का कार्यप्रगति पर है, लेकिन बहुत से विद्यालयों ने इनकी फिडिंग का कार्य पूर्ण नहीं किया है। समस्त विद्यालयों के GIS (Geographic Information System) सत्यापन एवं सही निर्देशांक फिडिंग करने का मॉड्यूल लम्बे समय से चल रहा है। लेकिन आज दिनांक तक उक्त मॉड्यूल में प्रविष्टि शत–प्रतिशत पूर्ण नहीं हुई है। इस पत्र के साथ संलग्न सूची में उन विद्यालयों का विवरण है जिन्होंने आज दिनांक तक GIS (Geographic Information System) सूचना अद्यतन नहीं की है। अतः इस पत्र के साथ संलग्न एक्सल शीट में उल्लेखित अपने जिले के अधीनस्थ विद्यालयों के संबंधित संस्था प्रधानों से शाला दर्पण पर GIS (Geographic Information System) का सत्यापन कर सही निर्देशांक फिडिंगे कराना सुनिश्चित करें। साथ ही संलग्न एक्सल शीट में भौगोलिक निर्देशांक (अक्षांतर एवं देशांतर) की प्रविष्टि कर सूचना सॉफ्ट कॉपी (मय एम. एस. एक्सल सॉफ्टवेयर में TIMES NEW ROMAN FONT) तैयार कर **आगामी तीन दिवस में** ynjhmcs@gmail.com ई–मेल एड्रेस पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी तथा शंका समाधान हेतु **डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका, सहायक निदेशक कार्यालय हाजा (मोबाईल नंबर 9602942594)** से संपर्क किया जा सकता है। कुछ विद्यालयों द्वारा सूचना अद्यतन नहीं करने से कई अतिमहत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे है। अतः उक्त सूचना प्राप्ति में **विलम्ब की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।

www.rajteachers.com

क्रमांकः–शिविरा–माध्य / माध्यमिक / शालादर्पण / 60302 / 2018–19 / 185 दिनांकः– 16.10.2020
प्रतिलिपिः–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं:–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् सह विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा अभियान, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. तकनीकी निदेशक, NIC, शिक्षा संकुल, जयपुर।
5. समस्त संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा को भेजकर लेख है कि वे इस हेतु प्रभावी प्रबोधन करेगे।
6. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, शिक्षा संकुल, राजस्थान, जयपुर
7. रक्षित पत्रावली

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।

F:\SD-C\SCHOOL\ABHAY-VIDHALYA -2.RTF

GIS (Geographic Information System) फिडिंग हेतु निर्देश

1. एनआईसी, जयपुर के द्वारा राजकीय विद्यालयों के शालादर्पण पोर्टल पर दर्ज GIS (Geographic Information System) डाटा प्राप्त हुए है। उक्त डाटा से **प्रथम फेज में** इस पत्र के साथ संलग्न सूची (SOFT COPY) के विद्यालयों के GIS (Geographic Information System) डाटा का अवलोकन किया गया।
2. प्रथम फेज में GIS डाटा चैक करने पर कुछ विद्यालयों के डाटा अप्राप्त है, कुछ विद्यालयों की GIS (Geographic Information System) डाटा गलत इन्द्राज प्रतीत होता है। अतः सूची के अनुसार उन विद्यालयों को अपने विद्यालय के GIS (Geographic Information System) की सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर सही इन्द्राज करते हुए सूचना निर्धारित प्रपत्र में उपलब्ध करवाना है।
3. GIS (Geographic Information System) सूचना शाला दर्पण पर अपलोड करते हुए तथा निर्धारित प्रपत्र में सूचना का इन्द्राज करते समय यह सुनिश्चित कर ले कि GIS (Geographic Information System) दशमलव बिन्दु के बाद छः अंकों तक उपलब्ध हो।

   उदाहरणः–

संस्था / विद्यालय का नाम	LATITUDE	LONGITUDE
निदेशालय माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर	28.036256	73.330248

4. अपने विद्यालय की GIS (Geographic Information System) सूचना को प्राप्त करने के लिए PLAY STORE में उपलब्ध विभिन्न apps (प्रमाणिक) को डाउनलोड कर उपयोग किया जा सकता है। भौगोलिक निर्देशांक (Geographic Information System) www.google.com/maps वेबसाईट का उपयोग करते हुए भी ज्ञात किया जा सकता है।
5. GIS (Geographic Information System) संदर्भ में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका सहायक निदेशक मोबाईल नंबर 9602942594 पर 24X7 सम्पर्क किया जा सकता है।